राज्य विधि आयोग की बैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष राजेश टंडन और कृषि मंत्री।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि हिन्दी हमारे सम्मान और स्वाभिमान की भाषा है। आज वैश्विक स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ी है। हिन्दी विश्व में करोड़ों लोगों तक पहुंच रखने वाली भाषा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने युवाओं से हिन्दी भाषा के सरंक्षण एवं सवर्द्धन में सहभागी बनने की अपेक्षा की है।

### पंचायती चुनावों के लिए आचार संहिता लागू

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। प्रदेश में होने वाले पंचायती चुनावों के मध्येनजर आचार संहिता लागू कर दी गई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में पंचायत चुनावों में जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश के लिए के एक पांच सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। बीजेपी संगठन को इस बात का इल्म है कि अगर आने वाले विस चुनावों में सत्ता बरकार रखनी है तो छोटी सरकार का चुनाव जीतना ही होगा।

### टोयोटा ने नई फॉरच्यूनर टीआरडी 'सेलीब्रेट्री एडिशन' पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। फॉरच्यूनर की गौरवशाली यात्रा के दस वर्ष पूरे होने पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एक शानदार नई फॉरच्यूनर टीआरडी 'सेलीब्रेट्री एडिशन' पेश करने की घोषणा की। यह भारतीय वाहन बाजार में सबसे सम्मानित एसयूवी में से एक काउबर स्टाइलिश रूपांतर है। अपने पूर्ववर्तियों की सफलता पर आगे बढ़ते हुए यह पेशकश त्यौहारों के मौसम से ठीक पहले की गई है। इसका डीजल रूपांतर पर्ल व्हाइट में उपलब्ध है और यह ऐटीट्यूट ब्लैकडुअलटोन एक्सटीरियर में उपलब्ध है।

# सौंग नदी पर कंक्रीट ग्रेविटी बांध बनाया जाना प्रस्तावित

## अनुरोध

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने की मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से भेंट

सौंग बांध परियोजना हेतु रू. 1290 करोड़ तथा जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना हेतु 2584.10 करोड़ की स्वीकृति का अनुरोध

देहरादून **संवाददाता**। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य में संचालित सिंचाई, पेयजल, बाढ़ सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के संचालन एवं राज्य में निर्मित होने वाले सौंग व जमरानी बांध के साथ ही प्रस्तावित जलाशय व झील निर्माण से संबंधित योजनाओं के संबंध में चर्चा की। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने केन्द्रीय स्तर पर राज्य की लम्बित योजनाओ पर समुचित कार्यवाई किये जाने का आश्वासर मुख्यमंत्री को दिया, उन्होंने पानी बचाने की व्यापक मुहिम संचालित करने पर बल देते हुए स्कूल व कॉलेजों में भी इसके लिए जनजागरण की बात कही। इस अवसर पर सचिव सिंचाई श्रीमती भूपेन्द्र कौर औलख, सचिव वित्त अमित नेगी तथा सचिव पेयजल अरविन्द सिंह हयांकी भी उपस्थित थे।



केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत व सीएम त्रिवेंद्र अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि दून में सौंग नदी पर 109 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बांध बनाया जाना प्रस्तावित है। इससे देहरादून की वर्ष 2051 तक की आबादी हेतु पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसमें भूजल स्तर में सुधार के साथ ही रिस्पना एवं बिंदाल के पुनर्जीवीकरण में मदद मिलेगी। योजना की लागत 1290 करोड़ है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गोला नदी पर 130.60 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बांध बनाया जाना प्रस्तावित है। इसमें नैनीताल व हल्द्वानी की पेयजल समस्या का समाधान होने के साथ ही उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के 150027 हे. कमाण्ड में 57065 हे. अतिरिक्त सिंचन क्षमता की वृद्धि होगी। इसके साथ ही इस योजना से 14 मेगावाट विद्युत उत्पादन, मत्स्य पालन व पर्यटन योजनाओं का विकास होगा। इसके लिये जल संसाधन मंत्रालय की एडवाइजरी कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है योजना की लागत 2584.10 करोड़ है।

सीएम ने केन्द्रीय मंत्री से यह भी अपेक्षा की कि पर्वतीय क्षेत्रों में सतही वर्षाजल को रोककर लघु जलाशयों का निर्माण आसपास के क्षेत्रों में भूजल के संवद्धनधरिचार्ज, कम लागत की पम्पिंग योजनाओं के निर्माण तथा क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के विकास हेतु अति आवश्यक है, किन्तु यह कार्य काफी व्ययसाध्य है। अतः इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा पृथक से केन्द्र पोषित योजना निरूपित कर राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता सुलभ करायी जाय।

### स्वैच्छिक चकबन्दी एवं आंशिक चकबन्दी को कानूनी अधिकार प्रदान किया जायेगा

देहरादून **संवाददाता**। राज्य विधि आयोग की बैठक में कृषि नीति, राजस्व एवं बेनामी सम्पति अधिनियम विषय पर समय व परिस्थिति के अनुसार जनहित में कानून परिवर्तन विषय पर चर्चा की गई। बैठक में कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में स्वैच्छिक चकबन्दी की अवधारणा होते हुए भी इसे कानूनी दर्जा प्राप्त नहीं है, इसके अतरिक्त राज्य की परिस्थितियों के अनुरूप राज्य चकबन्दी अधिनियम में आंशिक चकबन्दी को भी कानूनी दर्जा प्राप्त नहीं है। इसलिए राज्य में, राज्य चकबन्दी अधिनियम में संशोधन के उपरान्त स्वैच्छिक चकबन्दी एवं आंशिक चकबन्दी को कानूनी अधिकार प्रदान किया जायेगा। इसके सम्बन्ध में विधि आयोग अपनी संस्तुति राज्य सरकार को देगी। इसके साथ यह भी प्रयास किया जायेगा की कृषि एवं चकबन्दी से सम्बन्धित अव्यवस्थित कानून को संहिताबद्व और व्यवस्थित किया जायेग। बैठक में यह भी कहा गया कि अग्रिम जमानत के सम्बन्ध में विधि आयोग द्वारा संस्तुति सलाह को कैबिनेट बैठक में लाया जायेगा। बेनामी सम्पति अधिनियम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए भी चर्चा की गई।

### मुख्यमन्त्री के भ्रष्टाचार सम्बन्धी बयान पर मोर्चा करेगा प्रहारः नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सूबे के मुख्यमन्त्री त्रिवेन्द्र रावत द्वारा समाचार पत्रों में खुले शब्दों में कहा गया है कि ''भ्रष्टाचार है तो तुरन्त बतायें'', इसी कड़ी में मोर्चा मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत के घोटालों का सिलसिलेवार यानि सीरियर अटैक करेगा, जिसमें सीएम के स्वयं के ढैंचा बीज घोटाले की सीबीआई व उच्च स्तरीय जाँच की मांग मोर्चा करता है। मोर्चा मुख्यमन्त्री से मांग करता है कि सिलसिलेवार प्रहार की कड़ी में सबसे पहले ढैंचा बीज घोटाले पर स्वयं के खिलाफ कार्यवाही करें। पत्रकार वार्ता में मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. ओपी पंवार, हाजी जामिन, अमित सुशील भारद्वाज आदि थे।

# उत्तराखण्ड वासियों को मिलेगी विशेष चिकित्सा सुविधा

## निर्णय

■ कोटद्वार में बनेगा कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 300 बैड का सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सालय

देहरादून/नई दिल्ली। **संवाददाता**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम से सम्बन्धित केन्द्रीय श्रम मंत्री संतोष गंगवार की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड के श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि कोटद्वार के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 300 बैड सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सालय स्थापित किया जायेगा। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से सम्बन्धित गठित होने वाली सोसायटी के पदेन अध्यक्ष श्रम मंत्री होगें। उत्तराखण्ड के श्रम मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने इस निर्णय पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह अत्यन्त गौरव की बात है कि मुझे इस बैठक में विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया है, जो कि अभी तक किसी भी प्रदेश के श्रम मंत्री को यह गौरव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त डा0 हरक सिंह रावत ने बोर्ड के सभी सदस्यों का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके निर्णय से उत्तराखण्ड प्रदेश वासियों के लिए विशेष चिकित्सा सुविधा प्राप्त हुई है। उत्तराखण्ड कर्मचारी राज्य बीमा निगम अधिनियम, 1948 के अधीन शत–प्रतिशत क्षेत्र को इस योजना में शामिल करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। राज्य गठन के समय कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अन्तर्गत 18000 बीमांकित व्यक्ति ही सम्मिलित थे लेकिन आज इससे सम्बन्धित लाभार्थियों की संख्या 30 लाख है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना अंशदायी सामाजिक सुरक्षा योजना है जो इनके सदस्यों के अंशदान से संचालित होती है।

इस अधिनियम के अधीन लाभार्थियों को उच्चकोटि की चिकित्सा, देख–रेख एवं उपचार सगुमता से उपलब्ध कराना राज्य सरकार की एक जिम्मेदारी है।




कर्मचारी राज्य बीमा निगम की बैठक में प्रतिभाग करने के दौरान राज्य के श्रम मंत्री हरक सिंह रावत।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




### सीज फायर ट्रस्ट ने दून में खोला अपना पेन मैनेजमेंट सेण्टर

**संवाददाता** देहरादून। सीज फायर ट्रस्ट सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट ने देहरादून में अपने पहले पेन मैनेजमेंट सेण्टर छह नंबर पुलिया अम्बीवाला गुरुद्वारा के पास शुरू किया। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ द्वारा इस फिजियोथैरेपी केंद्र का उद्घाटन रिबन काट कर किया गया। यह दर्द निवारक केंद्र रोगियों के सामाजिक और आर्थिक पृष्टभूमि में बिना भेदभाव करे रोगियों को मुफ्त में फिजियोथेरेपी और दर्द प्रबंधन सेवाएं प्रदान करता है। इसमें 3 फिजियोथेरेपिस्ट और हाउसकीपिंग कर्मी है। इसका उद्देश्य प्रतिदिन 50 रोगियों का उपचार करना है। इस अवसर पर शिल्पा मल्होत्रा चेयरपर्सन, सीज फायर ट्रस्ट ने कहा की हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने उत्तराखण्ड में अपना पहला दर्द प्रबंधन केंद्र शुरू कर दिया है। जिसका उद्देश्य रोगियों का पुनर्वास करना और लोगों को दर्द मुक्त होना है।

### कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। हडको क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।